वर्ष 4 अंक 221 ·
पृष्ठ 20+4+4=28
जमशेदपुर, शनिवार
13 फरवरी 2016
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

वन-उपवन का राग वसंत अंतस का अनुराग वसंत

www.jagran.com झारखंड • बिहार • पश्चिम बंगाल • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल

केंद्रीय उत्पाद व सेवाकर आयुक्तालय हुआ उद्घाटित

सेंट्रल एक्साइज के नए भवन के उद्घाटन के दौरान उपस्थित अधिकारी।

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : केंद्रीय उत्पाद व सेवाकर आयुक्तालय, जमशेदपुर के नव निर्मित भवन का उद्घाटन शुक्रवार को रांची प्रक्षेत्र पटना के मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने किया। चार एकड़ जमीन पर बना यह भवन चार तल्ला है। यह भवन 18.64 करोड़ रुपये की लागत से बना है। उद्घाटन के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिव नारायण सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने के लिए हम कटिबद्ध हैं। भ्रष्टाचार किसी भी देश की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। इसको समाप्त करने के लिए सबको एकजुट प्रयास करना होगा। इसके लिए अपने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ ही तमाम उद्यमी संगठनों के साथ कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसमें सबको स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए इंटेलिजेंस आधारित सूचनाएं एकत्रित करके लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक 250 मामले दर्ज किए गए हैं और 140 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली हुई है। इसके साथ ही कर्मचारियों व उद्यमियों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में रांची प्रक्षेत्र पटना के लिए कुल 14 हजार करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करके हम वित्तीय वर्ष के अंत तक 17 हजार करोड़ रुपये राजस्व वसूली कर लेंगे।